आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 153
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अवसरवाद, असंतोष या बदलती राजनीतिक धारा

**अक्षय की बात अपनों के साथ**



भारतीय राजनीति में दल-बदल कोई नई घटना नहीं है, लेकिन जब किसी एक दल के कई सांसद एक साथ पाला बदलते हैं, तो यह केवल राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि व्यापक संकेत भी बन जाता है। हाल ही में आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों का भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना इसी तरह की एक घटना है, जिसने राजनीतिक गलियारों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

पहली नजर में यह घटना सत्ताधारी दल की बढ़ती ताकत और विपक्ष की कमजोरी का संकेत देती है। बीजेपी पहले से ही देश की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक ताकत है, और इस तरह के दल-बदल से उसका विस्तार और मजबूत होता दिखता है। दूसरी ओर, आप जैसे उभरते दल के लिए यह एक झटका माना जा सकता है, जो खुद को पारंपरिक राजनीति से अलग और वैकल्पिक विकल्प के रूप में पेश करता रहा है।

सत्ता के करीब रहने की इच्छा भारतीय राजनीति में हमेशा से एक बड़ा कारक रही है। बीजेपी की मजबूत स्थिति और केंद्र में उसकी सत्ता कई नेताओं को आकर्षित कर सकती है। किसी भी पार्टी में विचारधारा, नेतृत्व या टिकट वितरण को लेकर असहमति हो सकती है, जो इस तरह के फैसलों को जन्म देती है। कुछ विश्लेषक इसे बड़े राजनीतिक समीकरणों और दबाव की राजनीति से भी जोड़कर देखते हैं।

भारत में दलबदल विरोधी कानून इसी प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया था, लेकिन समय-समय पर इसमें खामियां भी उजागर होती रही हैं, जिनका राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से उपयोग करते हैं। वहीं बीजेपी के लिए यह विस्तार की रणनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन उसे यह भी ध्यान रखना होगा कि नए आने वाले नेताओं को कैसे संतुलित किया जाए, ताकि आंतरिक टकराव न बढ़े।

***अंततः, असली फैसला जनता के हाथ में है। आने वाले चुनावों में मतदाता ही तय करेंगे कि वे इस तरह के दल-बदल को स्वीकार करते हैं या इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ मानते हैं।***

### न्यूज ब्रीफ

- लखनऊ : होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा आज
- यूपी के मऊ में सड़क हादसा : पति-पत्नी, बेटे सहित 5 की मौत
- तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी विक्रम-1 रॉकेट के ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे
- राशन घोटाला : मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के कोलकाता में कई ठिकानों पर छापे
- अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा- ईरान में युद्ध दुनिया के लिए एक तोहफा है
- पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान पक्षपात के आरोप में 5 पुलिस अधिकारी सस्पेंड
- अमेरिका से जुड़े होने के आरोप में आईआरजीसी ने जब्त किए दो जहाज
- आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी मेरठ के सिवालखास निर्वाचन क्षेत्र में आज करेंगे रैली
- तुर्की के अधिकारियों ने ड्रग तस्कर और दाऊद के सहयोगी सलीम डोला को हिरासत में लिया
- बंगाल विधानसभा चुनाव : राहुल गांधी आज कोलकाता और श्रीरामपुर में कर सकते हैं रैली

# अप्रैल में ही नवतपा की तपन




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** नगर की गर्मी सब जगह प्रसिद्ध है, जो हर साल लोगों के पसीने छुड़वा देती है। इस बार भी यह परंपरा बरकरार है। वर्तमान में अप्रैल का अंतिम सप्ताह चल रहा है और तापमान अभी से 42 डिग्री को पार कर चुका है। जबकि मई माह में तापमान 41 डिग्री से अधिक पहुंचता है, लेकिन इस बार अप्रैल माह में ही गर्मी के ये हाल हैं। जबकि मई माह में नवतपा भी होता है, जिसका असर अभी से देखने को मिल रहा है। यदि अप्रैल माह में गर्मी के ये हाल हैं तो मई माह में पड़ने वाली गर्मी का अंदाजा लगाया जा सकता है। दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है।

शुक्रवार को नगर का अधिकतम तापमान जहां 42.2 डिग्री रहा, तो न्यूनतम तापमान भी 22.7 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई है।

सुबह 8 बजे से ही चुभने लगी है धूप-मौसम के हाल ये हैं कि सुबह 8 बजे से ही तीखी धूप का सामना करना पड़ रहा है। 10 बजे बाद तो लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। यही वजह है कि दिन में कार्यालयों में भी सन्नाटा पसरा नजर आता है तो नगर की सड़कें भी सूनी हो रही हैं, जिसका असर शाम तक भी बना हुआ है।

## गर्मी के तेवर के चलते तालाबों का जलस्तर हुआ कम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** गर्मी के तेवर दिन-ब-दिन तीखे होते जा रहे हैं और शहर की जल वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शहर के बड़े हिस्से की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर तालाब में 13 फीट पानी बचा हुआ है। इस तालाब से हर दिन 30 एमएलडी पानी लिया जा रहा है। देवधरम टेकरी पर फिल्टर करने के बाद इस पानी को शहर की पांच टंकियों में सप्लाई के लिए भेजा जाता है। पहले तालाब से 35 एमएलडी पानी लिया जाता था। इस तालाब की कुल क्षमता 19 फीट है।

शहर के आठ हजार से ज्यादा सरकारी बोरिंगों में से कई बोरिंग सूख चुके हैं, जबकि ज्यादातर बोरिंगों में पानी का स्तर कम हो गया है। यही हाल निजी बोरिंगों का भी है। इस कारण शहर में पानी की मांग बढ़ गई है। पहले कई परिवारों की पानी की जरूरत निजी बोरिंगों से पूरी हो जाती थी, लेकिन अब वे भी नर्मदा जल पर निर्भर हो गए हैं।

**शहर के तालाबों की स्थिति (पानी की गहराई फीट में)**

यशवंत सागर - 13 फीट
बिलावली - 10.4 फीट
छोटा बिलावली - 0 फीट
बड़ा सिरपुर - 10 फीट
छोटा सिरपुर - 14 फीट
पिपल्याहाना - 7.3 फीट

**300 से ज्यादा टैंकरों से बांटा जा रहा पानी**-शहर में टैंकरों की संख्या बढ़ा दी गई है। 85 वार्डों में टैंकर लगाए गए हैं। जिन वार्डों का क्षेत्रफल ज्यादा बड़ा है, वहां दो-तीन टैंकर लगाए गए हैं। इसके अलावा नगर निगम के 40 से ज्यादा सरकारी टैंकरों से भी पानी बांटा जा रहा है।

### महिला आरक्षण पर घमासान जारी

# विशेष सत्र के पहले कांग्रेस निकालेगी पैदल मार्च

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** 27 अप्रैल मप्र विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल पास ना होने के बाद से जहां मध्य प्रदेश बीजेपी विपक्षी दलों के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं, वहीं कांग्रेस भी हमलावर बनी हुई है।



लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल गिरने के बाद देश में सियासी घमासान मचा हुआ है। भाजपा और कांग्रेस लगातार एक दूसरे पर हमलावर है। इस बिल के समर्थन में जहां मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने 27 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। वही दूसरी तरफ सत्र से एक दिन पहले यानि 26 अप्रैल 2026 को एमपी कांग्रेस भोपाल में पैदल मार्च निकालने की तैयारी जा रही है जिसमें 33% महिला आरक्षण लागू करने की मांग की जाएगी। कांग्रेस का यह पैदल मार्च माता मंदिर से रोशनपुरा तक निकाला जाएगा। इसमें भोपाल के साथ सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, राजगढ़ सहित अन्य जिलों के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार इसकी अगुवाई करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि वर्तमान 543 सीटों पर ही 33% आरक्षण तुरंत लागू किया जाए।

दरअसल, लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल पास ना होने के बाद से बीजेपी विपक्षी दलों के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश बीजेपी द्वारा जन आक्रोश महिला पद यात्रा निकाली गई थी जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित मंत्री और सांसद शामिल हुए थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा था कि नारी सब कुछ भूल सकती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती। संसद में बहनों के हक पर डाका डालने का जो काम किया गया है, उसके खिलाफ सरकार एक दिन का सत्र भी बुलाने जा रही है। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिलाओं के अधिकारों का हनन किया है।

इसके जवाब में दो दिन पहले भोपाल में महिला कांग्रेस ने भी कांग्रेस कार्यालय से बीजेपी कार्यालय तक पैदल मार्च और प्रदर्शन किया और नारी शक्ति वंदन बिल को छलावा बताया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ भी बीजेपी पर इस बिल के माध्यम से महिला आरक्षण के नाम पर जनता को भ्रमित कर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगा चुके है। अब मोहन सरकार द्वारा मध्य प्रदेश विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में विपक्ष को घेरने की पूरी तैयारी में है। चर्चा है सरकार कांग्रेस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी लाने जा रही है। विधानसभा के बाद नगरीय निकायों में भी इसी तरह निंदा प्रस्ताव लाए जाएंगे। इससे पहले 26 अप्रैल को कांग्रेस भोपाल में पैदल मार्च निकालने जा रही है। खबर है कि कांग्रेस भी विधानसभा के अंदर विधायक दल की ओर से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को बिना परिसीमन और जनगणना को ढाल बनाकर लागू करने का संकल्प प्रस्तुत करने और विधानसभा का घेराव करने जैसी रणनीति बना सकती है।

गौरतलब है कि सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पास किया गया था, जिसे केंद्र सरकार ने 16 अप्रैल 2026 से आधिकारिक तौर पर लागू कर दिया है। इसके बाद सरकार 2023 के कानून में कुछ बदलाव करने के लिए '131वां संविधान संशोधन विधेयक 2026' लाई।



राजनीति के रणबांकुरे आज रिश्तों के रंग में रंगे—ठहाकों में घुली ताकत, मुस्कान में झलकी सियासत की दोस्ती

*भोपाल में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के बेटे के सगाई समारोह में राजनीतिक हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान सियासत के तीन धुरंधर- शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और कैलाश विजयवर्गीय की मुलाकात खास रही। तीनों नेताओं ने एक-दूसरे की जमकर तारीफ की और माहौल ठहाकों से गूंज उठा।*

# लोधी सम्मेलन के बहाने दिखाएंगे ताकत उमा-प्रहलाद का बन रहा नया शक्ति केंद्र

### भोपाल में 28 अप्रैल को होगा सम्मेलन, शौर्य यात्रा भी निकाली जाएगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में 28 अप्रैल को आयोजित लोधी सम्मेलन अपने सामाजिक सरोकार से ज्यादा राजनीतिक समीकरण को लेकर चर्चा में आ गया है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती और कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल की संभावित संयुक्त उपस्थिति उनकी लोधी समुदाय में मजबूत पैठ और भाजपा में उनकी मजबूत स्थिति के संकेत देगी। दोनों दिग्गजों के एक मंच पर आने से सत्ता-संगठन में नए शक्ति केंद्र का उदय हो सकता है।

यहीं राजा हृदय शाह लोधी की जयंती के अवसर पर 'शौर्य यात्रा' भी निकाली जाएगी। कार्यक्रम में डा. मोहन यादव भी शामिल होंगे। इधर, भाजपा ने सम्मेलन को देखते हुए ही विवादित बयान देकर चर्चा में आए लोधी समाज से आने वाले पिछोर विधायक प्रीतम लोधी पर कार्रवाई के बजाय नरम रुख दिखाया है। प्रीतम लोधी ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात के बाद खेद भी व्यक्त कर दिया है। बुंदेलखंड और ग्वालियर-चंबल क्षेत्रों में लोधी समाज का मजबूत वोट बैंक है। इससे जुड़े दोनों बड़े चेहरे प्रहलाद पटेल और उमा भारती पहले भी भाजपा छोड़कर भारतीय जनशक्ति पार्टी (बीजेएसपी) बनाकर चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि दोनों के राजनीतिक रिश्ते में उतार चढ़ाव रहा है। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद प्रहलाद पटेल को मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना गया।





**इंदौर पिछड़ा**

### उज्जैन जिले में इस वर्ष 446.96 करोड़ रुपए के हुए सौदे

# सिहंस्थ के चलते उज्जैन बना जमीन की खरीदी-बिक्री के लिए निवेशकों की पहली पसंद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर सहित प्रदेश के लोगों में अब बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में संपत्ति खरीदने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। बीते वित्तीय वर्ष में उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों में सबसे अधिक प्रॉपर्टी सौदे दर्ज किए गए। मकान, दुकान और जमीन खरीदने वालों में उद्योगपति अग्रणी रहे, जबकि इसके बाद अधिकारी वर्ग ने भी निवेश किया। उज्जैन जिले में इस वर्ष 446.96 करोड़ रुपए के सौदे हुए, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 479.30 करोड़ रुपए था। मालवा-निमाड़ के 14 जिलों में स्टांप ड्यूटी से सबसे अधिक आय उज्जैन में ही दर्ज की गई। वहीं, इंदौर में हुए सौदों में उज्जैन रोड और सुपर कॉरिडोर प्रमुख रहे। खास बात यह रही कि इंदौर जिला पंजीयन कार्यालय की शाखा क्रमांक-2 में बीते वर्ष 722.96 करोड़ रुपए के सौदे हुए।



निवेश जिला पंजीयक मंजूलता पटेल के अनुसार, इंदौर जिले में बीते वित्तीय वर्ष में कुल 2739.24 करोड़ रुपए की स्टांप ड्यूटी आय प्राप्त हुई, जो पिछले वर्ष (2528.68 करोड़ रुपए) की तुलना में 210.56 करोड़ रुपए अधिक है। इंदौर के चार पंजीयन कार्यालयों में से सर्वाधिक आय (722.96 करोड़) कार्यालय क्र. 3 से प्राप्त हुई। इसके अंतर्गत सुपर

सिंहस्थ से बढ़ा आकर्षण जिला पंजीयन कार्यालय से जुड़े एडवोकेट रमेश वर्मा के अनुसार, उज्जैन में जमीन के सौदे पिछले वर्ष की तुलना में करीब 6% कम हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, सिंहस्थ-2028 को देखते हुए उज्जैन में निवेश का आकर्षण बढ़ा है।

## प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण-पत्र पर फैसला करें-हाईकोर्ट

### हाई लेवल स्क्रूटनी कमेटी को आदेश, 60 दिन का दिया समय

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**जबलपुर ●** राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाणपत्र पर सवाल उठाने वाली जनहित याचिका का मप्र हाईकोर्ट ने निराकरण कर दिया है। जास्टि स विवेक अग्रवाल और जस्टिस अवनीन्द्र कुमार बेंच ने हाई लेवल स्क्रूटनी कमेटी को कहा है कि वो 60 दिन में इस मामले पर फैसला ले। हाईकोर्ट ने यह फैसला कांग्रेस के अनुसूचित सिंह की डिवीजन जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार की याचिका पर शुक्रवार को दिया। मामले में आरोप था कि प्रतिमा बागरी के पक्ष में जारी किया गया प्रमाणपत्र फर्जी है। याचिकाकर्ता का दावा था कि महाकोशल, बुंदेलखंड और बघेलखंड ने बागरी जाति राजपूत समुदाय में आती है, जबकि निमाड़ व मालवा क्षेत्र में यह अनुसूचित जाति में शामिल है। ऐसे में प्रतिमा बागरी ने अनुसूचित जाति की न होते हुए भी सतना जिले में अजा वर्ग के लिए आरक्षित सीट से चुनाव लड़ा। राज्य स्तरीय जाति प्रमाणपत्र परीक्षण प्राधिकरण को शिकायत देने के बाद भी 2 माह में कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दाखिल की गई। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान अधिवक्ता मुकेश कुमार अग्रवाल और शासकीय अधिवक्ता मानस मणि वर्मा ने दलीलें रखीं।



प्रतिमा बागरी

## न्यूज ब्रीफ

### दसवीं बोर्ड टॉपर कु. प्रतिभा सोलंकी को मिलेंगे एक लाख रुपये - मुख्यमंत्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दसवीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा पन्ना की कु. प्रतिभा सिंह सोलंकी को माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 500 में से 499 अंक प्राप्त करने पर एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटी कु. प्रतिभा और उनके माता-पिता को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटी कु. प्रतिभा को सुशासन की प्रतीक लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर माँ की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट तथा आशीर्वाद प्राप्त करने प्रतिभा, परिजन सहित समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) आईं थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि 'प्रतिभा जैसी बेटियां प्रदेश की शान हैं। प्रतिभा की सफलता लाखों बेटियों और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। बिटिया की उपलब्धि पर पूरे प्रदेश को गर्व है।'

### श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन हेतु 'श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम' लागू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन राज्य के श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण पहलें की गई है। इसी क्रम में विभाग द्वारा 'श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम' लागू किया गया है। यह एक स्व-मूल्यांकन आधारित, निष्पक्ष एवं स्वचालित प्रणाली है, जिसके माध्यम से संस्थानों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर उनके श्रम कानूनों के अनुपालन स्तर का मूल्यांकन कर उन्हें स्टार रेटिंग प्रदान की जाती है। इस प्रणाली के माध्यम से श्रम कानूनों के प्रभावी पालन को प्रोत्साहन मिल रहा है तथा अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाया गया है।

### विद्यार्थियों ने कलेक्टर कार्यालय में सामाजिक न्याय विभाग का दौरा कर विभागीय कार्यप्रणाली को समझा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रेनेसां विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने कलेक्टर कार्यालय स्थित सामाजिक न्याय विभाग का दौरा किया और विभाग की कार्यप्रणाली को गहराई से समझा। छात्रों ने इस दौरे में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और विभाग के कामकाज, कल्याणकारी पहलों, सार्वजनिक सेवा तंत्रों और सामाजिक सशक्तिकरण एवं समावेशन से संबंधित नीतियों का बहुमूल्य व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। छात्रों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, सामाजिक कल्याण योजनाओं और वंचित एवं हाशिए पर पड़े समुदायों के समर्थन में विभाग की भूमिका की सार्थक जानकारी मिली। इस दौरे ने छात्रों को वास्तविक शासन प्रथाओं से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में सामाजिक न्याय के महत्व को समझने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### मंत्री सिलावट ने नवनिर्मित हॉस्पिटल का किया अवलोकन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आज शुकवार को जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावटजी ने सांवेर विधानसभा के ग्राम पंचायत पिवडाय में 10 करोड की लागत से निर्माणाधीन 50 बेड के हॉस्पिटल का अवलोकन किया। मंत्री सिलावट ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य, शिक्षा, सडक और किसानों हितैषी कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, आज सांवेर के ग्राम पंचायत पिवडाय में लगभग 10 करोड़ की लागत से 50 बेड का अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त हास्पीटल का निर्माण हो रहा है।

# इंदौर की स्वच्छता में नंबर-1 बने रहने की तैयारी : फील्ड में उतरेंगे अधिकारी

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर सख्ती, हर वार्ड में दिखे बेहतर सफाई व्यवस्था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने सीटी बस ऑफिस में स्वास्थ्य अधिकारियों, सीएसआई और संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, अपर आयुक्त प्रखर सिंह सहित निगम के सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




बैठक के दौरान मेयर ने स्वच्छ सर्वेक्षण की गाइडलाइन के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जोन और वार्ड स्तर के अधिकारी सुबह फील्ड में मौजूद रहकर सफाई व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करें और हर स्तर पर व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों।

**स्कूलों में भी स्वच्छता मानकों का पालन जरूरी**-मेयर ने कहा कि शहर के विद्यालयों में भी निर्धारित स्वच्छता मापदंडों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इंदौर की स्वच्छता में नागरिकों के साथ-साथ निगम कर्मचारियों की भी अहम भूमिका होती है।

**मेयर खुद करेंगे फील्ड विजिट**-मेयर ने बताया कि वे स्वयं महापौर परिषद सदस्यों और पार्षदों के साथ फील्ड में उतरकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे और विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करेंगे। हॉस्टल एसोसिएशन के साथ बैठक, मच्छर नियंत्रण अभियान भी

स्वच्छता अभियान को मजबूत बनाने के लिए 26 अप्रैल को शहर के हॉस्टल एसोसिएशन के साथ विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा शहर में मच्छरों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आपसी समन्वय के साथ काम करें और पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयास करें, ताकि इंदौर एक बार फिर देश का सबसे स्वच्छ शहर बना रहे।

# अपहरणकर्ताओं ने कर्ज उतारने के लिए किया अपहरण, धनी माता-पिता की गफलत में फंसे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● तिरुपति नगर अपहरण कांड में पकड़े गए चारों आरोपियों ने कर्ज से उबरने के लिए 10 साल के नैतिक सोनकर और 11 साल के सम्राट जयदेव का अपहरण किया था। टीआई एसएस रघुवंशी ने बताया कि मुख्य आरोपी विनीत एलआईजी इलाके में एक एडवाइजरी कंपनी में काम करता था। वह 6 महीने से बेरोजगार था। उसने डेढ़ साल से मकान का किराया भी नहीं दिया था। उसकी आपराधिक मानसिकता के कारण माता-पिता ने उसे घर से निकाल दिया था। उसकी बहन राधिका टेलीकॉलिंग करती थी और फिलहाल माता-पिता के साथ कैट रोड पर रह रही थी। वहीं, विनीत का दोस्त ललित पेशे से ड्राइवर है और पत्नी तनीषा गृहिणी है। चारों की पुरानी दोस्ती है।



**लाइट बंद-चालू होने से हुआ शक**-रात 11 बजे टीआई की टीम दत्त नगर में सी-टाइप मल्टी के बाहर पहुंची। तभी सिपाही देवेंद्र जादौन और राहुल जाट की नजर चौथी मंजिल के एक फ्लैट पर गई, जहां लाइट बार-बार बंद-चालू हो रही थी। एक-दो बार महिला-पुरुष ने खिड़की से झांका भी। इसी शक पर 12-15 पुलिसकर्मी सीधे फ्लैट में घुसे। चारों आरोपी तो मिल गए, लेकिन बच्चे नजर नहीं आए। तलाशी के दौरान सिपाही गैलरी में पहुंचे तो देखा कि दोनों बच्चों को एक चादर ओढ़ाकर छिपाया गया था और उनके पास ही एक कुत्ता बंधा था। डीसीपी राजेश व्यास ने बताया कि एसीपी तुषार सिंह और टीआई एसएस रघुवंशी परिजन का मोबाइल लेकर आरोपियों से वॉट्सएप पर लगातार चैटिंग करते रहे। रात 1 बजे तक सौदेबाजी चलती रही। इस दौरान आरोपी विनीत ने धमकाया भी कि पैसे नहीं मिले तो बच्चे काली थैली में मिलेंगे।

**दीदी ने चिप्स दिलाई और कार से बिल्डिंग में ले गई**-6ठी के छात्र सम्राट और तीसरी के छात्र नैतिक ने भास्कर को बताया कि राधिका दीदी 2-3 दिन से पेट्स दिलाने का बोल रही थी। शाम को रास्ते में चिप्स दिलाई और फिर कार बुक करके एक बड़ी बिल्डिंग में ले गई। वहां एक आंटी ने पहले से खीर बना रखी थी। हमें खाने को दी तो हमने कहा कि पहले आप खाओ। जब उन्होंने खाई, फिर हमने खाई। उन्होंने हमें खेलने के लिए मोबाइल दे दिए। नैतिक अपने फेवरेट गाने बजा रहा था। फिर दीदी ने कहा कि पेट्स सुबह लेंगे, अभी आराम करो। उन्होंने हमसे कोई मारपीट नहीं की, बस मम्मी का नंबर मांगा था।

> *रात 8:30 बजे: नैतिक की मां को फिरौती का कॉल आया।*
> *रात 8:45 पर पुलिस को सूचना दी गई।*
> *रात 2:00 बजे: पुलिस ने दत्त नगर के घर पर दबिश दी।*
> *रात 2:10 बजे: बच्चों को सकुशल बरामद किया गया।*
> *रात 2:30 बजे: पुलिस चारों आरोपियों को पुलिस कमिश्नर के सामने लाई।*
> *तड़के 4:10 बजे: पुलिस ने बच्चों को अस्पताल परिसर में परिजन को सौंपा।*
> *सुबह 5 बजे: आरोपियों का मेडिकल करवाया गया।*

# अपील के मामले जल्दी निपट जाएं इसके लिए अफसरों को दिए टारगेट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सालों से अटके जीएसटी अपील और एडजुडिकेशन के मामलों को निपटाने के लिए प्रदेश जीएसटी आयुक्त ने अधिकारियों को निराकरण के मासिक टारगेट दिए हैं। इसमें खासतौर पर प्राथमिकता से उन मामलों को निपटाया जाएगा जिससे विभाग को बड़ा राजस्व मिलने की उम्मीद है। 1 अप्रैल 2026 को लंबित सभी मामलों को 31 दिसंबर 2026 तक खत्म करना है। इसके लिए हर महीने कम से कम 10% मामलों का निराकरण अनिवार्य है। 1 अप्रैल 2026 के बाद जो भी अपीलें दायर होती हैं या प्रकरण बनते हैं, उन पर भी तुरंत कार्रवाई की जाकर 6 महीने में उनका निराकरण करने के आदेश जारी हुए हैं। ऐसा करने से करदाता के लंबित मामले तो सुलझेंगे ही, ही ब्याज और पेनल्टी का भार भी कम होगा।

यह भी सुनिश्चित करना है कि 3 बार से ज्यादा का स्थगन न दिया जाए और अपरिहार्य कारणों के अलावा 14 दिन से ज्यादा समय दो सुनवाइयों के बीच न हो। ऐसे में करदाताओं के विरुद्ध आदेश आने पर उन्हें समय रहते टैक्स, ब्याज और प्री-डिपॉजिट या सेकंड अपील की दशा में प्री-डिपॉजिट भरना होगा।

**कुल लंबित मामलों में से 30% से 35% अकेले इंदौर संभाग से**-जीएसटी में एडजुडिकेशन के 13 हजार और प्रथम अपील के 5600 मामले लंबित हैं। वहीं वैट के एडजुडिकेशन के 5500 और अपील के 3000 मामले लंबित हैं।इंदौर प्रदेश का सबसे बड़ा कमर्शियल हब है, इसलिए कुल लंबित मामलों में से लगभग 30% से 35% मामले अकेले इंदौर संभाग से संबंधित हैं।

**अपीलों की सुनवाई वर्चुअल**-अब जीएसटी की अपीलों के लिए लागू की गई एसओपी वैट, प्रवेश कर, विलासिता, मनोरंजन, आमोद एवं विज्ञापन कर, वृद्धि कर, मोटर स्पिरिट उपकर, हाई स्पीड डीजल उपकर के भी मामलों में लगी अपीलों के लिए लागू किया है। हालांकि, इसमें कई व्यावहारिक समस्याएं आ सकती हैं।

# सिंहस्थ 2028 में करीब 6 करोड़ श्रद्धालुओं का ओंकारेश्वर पहुंचना अनुमानित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अपर प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास संजय दुबे ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के लिए ओंकारेश्वर में किए जाने वाले सभी निर्माण कार्यों में भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में सिंहस्थ के व्यस्ततम समय के लिए अनुमानित दर्शन क्षमता के अनुरूप भीड़ प्रबंधन के लिए होल्डिंग एरिया, आमजन और विशिष्टजन के लिए पृथक कारिडोर तथा आपातकालीन चिकित्सा रूट की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग क्षेत्र में ईवी चार्जिंग प्वाइंट, ई-कार्ट, बैटरी संचालित साइकिल और व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने पैदल चलने वाले दर्शनार्थियों के लिए थोड़ी थोड़ी दूरी पर पेयजल की व्यवस्था करने तथा घाटों के समीप कुंड तैयार किए जाने के निर्देश दिए। दुबे ने सिंहस्थ 2028 से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों की टेंडर की स्थिति, बजट प्रावधान और निर्माणाधीन कार्यों की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की।

अपर मुख्य सचिव दुबे ने कहा कि कुबेर भंडारी और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर तैयार किए जाने वाली पार्किंग सुविधा के लिए मास्टरप्लान के अनुरूप वन अनुमति शीघ्र प्राप्त की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गृह विभाग के जवानों की मंदिर, घाट, पार्किंग, इत्यादि क्षेत्रों के सम्बन्ध में स्पॉट ट्रेनिंग कर केवल प्रशिक्षण वाले क्षेत्र में ही तैनाती किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में खण्डवा जिला कलेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता ने बताया कि सिंहस्थ 2028 में करीब 6 करोड़ श्रद्धालुओं का ओंकारेश्वर पहुंचना अनुमानित है। उन्होंने सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मोरटक्का रेलवे स्टेशन, कोठी से ओंकारेश्वर लेफ्ट बाईपास और ओंकारेश्वर से कोठी राइट बाईपास रोड और अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों की जानकारी दी।

# शहर में बिजली ट्रिपिंग का स्तर और कम करने के निर्देश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने शुक्रवार की शाम अधिकारियों की मिटिंग ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इंदौर शहर में ट्रिपिंग में और कमी लाने की सख्त जरूरत हैं, इसके लिए शनिवार से ही सघनतम प्रयास प्रारंभ कर दिए जाए। उन्होंने कहा मैंटेनेंस सुबह जल्दी प्रारंभ कर दिया जाए और दो से ढाई घंटे के अंदर आपूर्ति सामान्य कर दी जाए। मैंटेनेंस की सूचना रहवासी संघ, उपभोक्ताओं, व्यापारी संघों, जनप्रतिनिधियों के लोकल वाट्सएप ग्रुपों, एसएमएस, ऊर्जस सेवाओं के माध्यम से दी जाए। इससे शिकायतों में कमी आएगी, समय पर सूचना देने से उपभोक्ता संतुष्टि का स्तर बढ़ेगा। उन्होंने का कि शहर में सभी प्रभारी अधिकारी सुबह मैंटनेंस के दौरान फील्ड पर दिखे, कार्य के दौरान किए गए निरीक्षण संबंधी अपनी रिपोर्ट तैयार रखे। प्रबंध निदेशक ने मैंटेनेंस गतिविधियों की गुणवत्ता पर फोकस रखने को कहा ताकि आपूर्ति का स्तर उच्चतम रहे। सिंह ने पिछले सप्ताह के दौरान ज्यादा ट्रिपिंग एवं ब्रेक डाउन वाले स्थानों की जानकारी ली एवं संबंधित क्षेत्र में अगले दो तीन दिनों में मानसून पूर्व की तैयारी को लेकर उच्चदाब लाइनों के संपूर्ण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एसएल करवाड़िया, आरसी जैन, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक संजय मालवीय, निर्मल शर्मा, संयुक्त सचिव तरूण उपाध्याय, शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे, नरेंद्र दुबे, गजेंद्र कुमार, आरबी दोहरे, मुख्य वित्त अधिकारी श्री अजयपाल सिंह अवास्या आदि ने विचार रखे।



# चालाकी दिखाकर बालक बालिका को अंकसूची में बना दिया बालिग

## 13 साल की बेटी का 42 साल के व्यक्ति से किया जा रहा था विवाह, कराया निरस्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 13 साल की बेटी का पोते के विवाह के चक्कर में दादा ने बहू के चाचा से 42 साल के युवक के साथ विवाह तय कर दिया। जांच करने पर पहले जो सूची दी वह परीक्षण में फर्जी पाई गई। जब पकड़ा गए तो दोनों का विवाह निरस्त कर दिया।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा के मार्गदर्शन में बाल विवाह रोकथाम को लेकर सतत निगरानी रखी जा रही है। कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायत को लेकर परीक्षण कर बाल विवाह रोकने का प्रयास किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सिन्हा ने बताया कि हेल्पलाइन पर दर्ज हुई शिकायत के अनुसार ग्राम रंगवासा में दो भाई बहन का विवाह 25 अप्रैल को होना तय था। सुपरवाइजर सुविधा कटारे और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने जाकर जब पूछताछ की तो परिवार ने उन्हें दोनों बच्चों की मार्कशीट उपलब्ध करा दी। जिसके अनुसार उनकी आयु विवाह के लिए पूर्ण थी। दोनों बच्चों की उम्र पर शंका होने लगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मामले की जांच के निर्देश दल प्रभारी आशीष गोस्वामी और उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक को दिए। पाठक ने बताया कि इंदौर और होशंगाबाद से मिली अंक सूचियां का परीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से करवाया गया। इंदौर में बनी अंक सूची को विद्यालय ने फर्जी बताया। स्कूल ने स्पष्ट कहा कि उक्त अंक सूची उनके विद्यालय से जारी नहीं की गई है और ना ही बालिका या बालक इस विद्यालय में अध्यनरत रहे हैं। होशंगाबाद से मिली अंक सूची के अनुसार बालिका की उम्र 13 वर्ष और बालक की उम्र 19 वर्ष प्रमाणित होती है।

# इंदौर के दिल में उग रहा है ऑक्सीजन का जंगल

## प्रेरणादायक पहल-विश्व पृथ्वी दिवस पर रूपांतर की हरित क्रांति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कंक्रीट के जंगलों के बीच जब हरियाली सांस लेने लगे, तो वह सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन जाती है। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रूपांतर नेचर एंड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने ऐसी ही एक प्रेरणादायक पहल की कहानी साझा की है, जिसने शहर के बीचों-बीच प्रकृति को फिर से जीवंत कर दिया है। वर्ष 2024 में एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से, एसजीएसआईटीएस कॉलेज, इंदौर परिसर में एक अनूठा मियावाकी फॉरेस्ट (ऑक्सीजन चैंबर) विकसित करने की शुरुआत हुई। करीब 1 एकड़ भूमि पर 8195 पौधों का सघन रोपण किया गया, जिसमें औषधीय, बागवानी, स्थानीय और विलुप्तप्राय प्रजातियों का समावेश है।



### पौधे 18 से 25 फीट की ऊंचाई तक पहुंचे

आज, महज दो वर्षों के भीतर, यह क्षेत्र एक घने, जीवंत जंगल का रूप ले चुका है, जहां पौधे 18 से 25 फीट की ऊंचाई तक पहुंच चुके हैं। पक्षियों की चहचहाहट, छोटे जीवों की हलचल और प्राकृतिक रूप से उभरती वनस्पतियां इस बात का प्रमाण हैं कि यहां जैव विविधता फिर से सांस ले रही है। शुरुआत में पौधों की सिंचाई ड्रिप इरिगेशन से की गई, लेकिन अब यह जंगल पूरी तरह स्व-निर्भर बन चुका है, मानो प्रकृति ने खुद अपनी देखभाल की जिम्मेदारी संभाल ली हो। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण है, बल्कि शहरी जीवन में ग्रीन लंग्सद्य के महत्व को भी उजागर करती है। इस वर्ष के विश्व पृथ्वी दिवस की थीम ओवर पॉवर, ओवर प्लानेट (हमारी शक्ति, हमारा ग्रह) के अनुरूप, यह पहल स्पष्ट संदेश देती है कि जब समाज, संस्थाएं और प्रकृति एक साथ आते हैं, तो बदलाव अवश्य संभव है। रूपांतर की यह हरित पहल आज इंदौर के लिए सिर्फ एक जंगल नहीं, बल्कि एक जीवंत उम्मीद है-जो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, संतुलित पर्यावरण और प्रकृति के साथ सामंजस्य का संदेश देती रहेगी।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

**न्यूज ब्रीफ**

### ब्राह्मण समाज संघ की मेजबानी में नवयुगलों को ढेरों उपहारों सहित किया बिदा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विश्व ब्राह्मण समाज संघ की मेजबानी में छोटा बांगड़दा, एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर 11 युगलों ने शंख और शहनाई की मंगल ध्वनि के बीच परंपरागत 7 फेरे तो लिए ही, 8वां फेरा ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों के लिए अपने घर-आंगन में दाना-पानी रखने और वर्षाकाल में फलदार और छायादार पौधे लगाने के संकल्प का भी लिया। म.प्र. ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, खजराना गणेश मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट, रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास एवं हंसदास मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज सहित अनेक विशिष्ट मेहमानों के सानिध्य में यह अनूठा विवाह पूरे उत्साह के साथ घरातियों और बरातियों संग नाचते-गाते हुए सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मलीन रमेशचंद्र अग्रवाल की स्मृति में यह लगातार तीसरा दिव्य आयोजन हुआ, जिसमें नवयुगलों को अनेक उपहारों सहित शहर के अनेक विशिष्टजनों ने बिदा किया।

### शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर पर 3 मई से प्रारम्भ होगा छः दिवसीय 25वां ध्वजारोहण महोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर का 25वां ध्वजारोहण महोत्सव प.पू. वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय म.सा., प.पू. पंयास प्रवर योगरुचि विजय म.सा. एवं नंदिरूचि विजय म.सा. आदिठाणा की पावन निश्रा में 3 मई से प्रारम्भ होगा, जिसके लिए पत्रिका मुहूर्त लेखन की रस्म मंदिर परिसर में सौल्लास सम्पन्न हुई। छः दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ रविवार, 3 मई को गुरुदेव के भव्य मंगल प्रवेश सामैया और मंदिर प्रवेश एवं धर्मसभा के साथ होगा। मंगल प्रवेश जुलूस सेठी गेट सुदामा नगर से प्रारम्भ होगा। मंदिर के ध्वजारोहण की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 8 मई तक विभिन्न कार्यक्रम एवं अनुष्ठान आयोजित होंगे। शुक्रवार को मंदिर परिसर में पत्रिका मुहूर्त लेखन की रस्म सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष संजय नाहर ने सकल श्रीसंघ को न्यौता दिया। इस मौके पर दिनेश ढींग, सतीश जैन, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, अजय लुणावत, वीरमणि युवामित्र मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल, सामायिक मंडल, श्रीसंघ एवं ध्वजा महोत्सव के लाभार्थी परिवारों के सदस्य भी उपस्थित थे।

### पंचायत राज संस्थाएं लोकतंत्र की सशक्त आधारभूत इकाई : मुख्यमंत्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रदेशवासियों को मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने में पंचायत राज संस्थाएं लोकतंत्र की सशक्त आधारभूत इकाई हैं। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण, स्थानीय स्वशासन, जनभागीदारी, पारदर्शिता, डिजिटल सशक्तिकरण और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने में पंचायत राज व्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# पराली जलाने में मप्र देश में नंबर वन

**भोपाल (एजेंसी)** ● प्रदेश में पराली जलाने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कंसोर्टियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रोइकोसिस्टम मॉनिटरिंग एंड मॉडलिंग फ्रॉम स्पेस (सीआरईएएमएस) और आईसीएआर के डेटा के मुताबिक, देश में पराली जलाने के मामलों में एमपी पहले स्थान पर पहुंच गया है। 5 राज्यों के 29,167 मामलों में से करीब 69% हिस्सेदारी एमपी से ही है। यहां 1-21 अप्रैल के बीच राज्य में 20,164 घटनाएं दर्ज की गईं, जो देश में सबसे अधिक हैं।

जिला स्तर पर देखें तो केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र विदिशा और उज्जैन गेहूं की पराली जलाने के सबसे आगे है। हालांकि, अभी यह आंकड़ा पिछले साल से थोड़ा कम है। 2025 में कुल 20,422 मामले सामने आए थे। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस साल फसल अवशेष जलाने के सारे रिकॉर्ड टूटने वाले हैं।



#### कृषि मंत्री का शहर पराली जलाने में टॉप पर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र विदिशा पराली जलाने में सबसे आगे है। यहां 1-21 अप्रैल तक 2086 घटनाएं सामने आई। इसके बाद उज्जैन में जहां 2053 और रायसेन में 1982 मामले दर्ज किए गए। वहीं होशंगाबाद में 1705 और सिवनी में 1369 घटनाएं मामले आए।

#### मप्र के बाद उप्र और हरियाणा में सबसे ज्यादा केस

मप के बाद पराली जलाने के मामलों में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है, जहां 1-21 अप्रैल 2026 के बीच 8,889 घटनाएं दर्ज की गई, हालांकि यह आंकड़ा मध्यप्रदेश से काफी कम है। इसके बाद हरियाणा का स्थान आता है, जहां इस अवधि में 65 मामले सामने आए। वहीं पंजाब में सबसे कम 44 घटनाएं दर्ज की गईं।

**विवेक खंडेलवाल की पहल**

## भीषण गर्मी में पुलिसकर्मियों को मिली राहत, छाछ वितरण पर जवानों ने की प्रशंसा




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● चिलचिलाती गर्मी के बीच जहां तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है, वहीं शहर की ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे पुलिस कर्मियों के लिए राहत की पहल सामने आई है। जिला कांग्रेस सेवादल इंदौर के अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल के नेतृत्व में शहर के प्रमुख चौराहों पर तैनात पुलिस जवानों को ठंडी छाछ का वितरण किया गया।

तेज धूप और तपती सड़कों के बीच घंटों खड़े रहकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे पुलिसकर्मियों के लिए यह पहल किसी राहत से कम नहीं रही। छाछ वितरण के दौरान पुलिसकर्मियों ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के प्रयास उन्हें ऊर्जा और हौसला देते हैं।

विवेक खंडेलवाल ने बताया कि भीषण गर्मी में सेवा दे रहे पुलिस जवानों का ध्यान रखना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा। इस सेवा कार्य ने न सिर्फ पुलिसकर्मियों को राहत पहुंचाई, बल्कि समाज में सहयोग और संवेदनशीलता का एक सकारात्मक संदेश भी दिया।

## गुरु मंदिर एवं गुरु चरणों कि स्थापना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● परदेशीपुरा इंदौर में 25-26 अप्रैल को भव्य गुरु मंदिर लोकार्पण एवं चरण स्थापना महामहोत्सव धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि धर्म प्रभावना के अनुपम एवं ऐतिहासिक अवसर पर परदेशीपुरा, जिन मंदिर इंदौर में 25 एवं 26 अप्रैल को दो दिवसीय भव्यातिभव्य गुरु मंदिर लोकार्पण एवं चरण स्थापना महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समाज अध्यक्ष अरविंद जैन एवं राजु अलबेला ने बताया कि यह आयोजन विद्या शिरोमणि नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं चतुर्थ कालीन चर्यारत मुनि श्री 108 विमल सागर जी महाराज तथा मुनि श्री 108 अनंत सागर जी महाराज के पावन मंगलमय सान्निध्य में सम्पन्न होगा। महोत्सव की सभी मांगलिक क्रियाप्रशांत भैया, के निर्देशन में सम्पन्न होगी। प्रथम दिवस

25 अप्रैल शनिवार को प्रातः 7:00 बजे से नित्य नियम पुजन श्रीजी अभिषेक, शांतिधारा, एवं गुरु मंदिर लोकार्पण, गुरु विद्यासागर चरण स्थापना, प्रथम चरणाभिषेक, आचार्य श्री जी पूजन, मुनि द्वय के मंगल प्रवचन एवं आहार चर्या होगी। सायं 6:30 बजे से आचार्य भक्ति, भव्य मंगल आरती तथा 48 दीपकों से ऋद्धि मंत्रों द्वारा भक्तामर पाठ मुनिद्वय के मुखारविंद से होगा। दियुती दिवस 26 अप्रैल रविवार* को प्रातः 7:00 बजे से अभिषेक-पूजन व प्रवचन के पश्चात दोपहर 1:30 बजे से आचार्य छत्तीसी महामंडल विधान का आयोजन होगा। सायं 6:30 बजे आचार्य भक्ति एवं मंगल आरती होगी।

निवेदकः उपसर्ग विजेता सोशल ग्रुप, त्रिशला महिला मंडल, मुक्ताफलम् बहु मंडल, सकल जैन समाज परदेशीपुरा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र, इंदौर। एवं समाज जन धर्म लाभ लेने हेतु सकल समाज से सपरिवार पधारने की विनती की।

## जेईई मेन्स (सेशन 2) में नारायणा का शानदार प्रदर्शन, दो ब्रांच से 68 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स (सेशन 2) 2026 में इंदौर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया है। नारायणा कोचिंग सेंटर, इंदौर से कुल 68 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है। इस उल्लेखनीय परिणाम ने एक बार फिर संस्थान को शहर के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में शामिल कर दिया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस सफलता की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि सफल विद्यार्थियों में से 9 छात्रों ने 99 से अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कठिन प्रतिस्पर्धा और लाखों विद्यार्थियों के बीच यह उपलब्धि समर्पण, निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन का प्रमाण मानी जा रही है। संस्थान प्रबंधन ने इसे इंदौर के लिए गर्व का क्षण बताया।

संस्थान के टॉप प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में संकल्प पाटीदार ने 99.83 पर्सेंटाइल, हुसैन मनासा वाला ने 99.69 पर्सेंटाइल, लक्ष्य राजदेव ने 99.61 पर्सेंटाइल, सक्षम द्विवेदी ने 99.35 पर्सेंटाइल, आरुष साराओगी ने 99.33 पर्सेंटाइल, निशित सिसोदिया ने 99.31 पर्सेंटाइल, महिमा तोमर ने 99.21 पर्सेंटाइल, अतिशी अरोरा ने 99.14 पर्सेंटाइल तथा हितेंद्र सिंह पंवार ने 99.05 पर्सेंटाइल हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। नारायणा इंदौर ब्रांच के डायरेक्टर्स देवेंद्र वर्मा और अक्षय मालवीय ने कहा कि यह सफलता केवल परिणाम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। विद्यार्थियों को नियमित टेस्ट सीरीज, कॉन्सेप्ट क्लैरिटी सेशन, डाउट सॉल्विंग, पर्सनल मेंटरिंग और परफॉर्मेंस एनालिसिस जैसी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं दी जाती हैं। इसी व्यवस्थित तैयारी और अनुशासित अध्ययन पद्धति का परिणाम इस वर्ष के शानदार नतीजों में देखने को मिला है।

## शुद्धिकरण फिर तिलक लगा कर बांधा कलावा और परशुराम सेना द्वारा कड़े शब्दों में चेताया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● परशुराम सेना इंदौर महानगर के संदीप शर्मा, कमल दीक्षित ने बताया कि रेस कोर्स रोड स्थित लेंस गार्ड शोरुम का गो मूत्र गंगाजल व नर्मदा जल से शुद्धिकरण किया पंडित उमाशंकर चतुर्वेदी द्वारा शंख ध्वनि से शंखनाद किया व सभी कर्मचारियों को तिलक लगा कर कलवा बांधा, साथ ही इसके ऑनर को हिदायत दी की सनातन के विरूद्ध किसी भी प्रक्रिया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हनुमान चालीसा का पाठ किया। हिंदुत्व सनातन संस्कृति के विरुद्ध जो भी जाएगा उसको सबक सिखाया जाएगा और रास्ते पर लाया जाएगा। सर्व सनातन समाज बंधुओ द्वारा श्री परशुराम सेना के माध्यम से यह कार्य किया गया साथ ही सभी देश वासियों को अवगत करवाया गया की आप सभी को हमारे सनातन धर्म संस्कृति पर गर्व करना चाहिए हम किसी से भेद भाव नहीं करते पर कोई कुंठित मानसिकता से कुचक्र रच कर सुनियोजित तरीके से हमारे संस्कारों का हनन करने की कोशिश करता है तो उसका हम विरोध भी करेंगे और उसे सही मार्ग पर ले जाएंगे।

## मधुमेह एवं मोटापे से मुक्ति के लिए नीनादेवी अग्रवाल की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर आज से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मधुमेह एवं मोटापे जैसे रोगों से मुक्ति एवं राहत दिलाने के उद्देश्य से अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत सातवां शिविर 25-26 अप्रैल को मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर आयोजित होगा। शिविर की तैयारियों को लेकर पूर्वी क्षेत्र के प्रमुख अग्रवाल संगठनों की बैठक में शिविर का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक समाज बंधुओं को प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। इस शिविर में रक्तदान के लिए भी विशेष व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में शिविर की तैयारियों को लेकर गीता भवन पर आयोजित बैठक में गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, के के गोयल, शीतल तोडीवाला, संजय तोडीवाला, राजेश गर्ग, प्रदीप अग्रवाल, डॉ. रवीन्द्र पटेल, कमल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पूर्वी क्षेत्र के अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में निश्चय किया कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ लेने के लिए समाज के ज्यादा से ज्यादा बंधुओं को प्रेरित कर शिविर में लाया जाए, ताकि समय रहते उन्हें समुचित चिकित्सा एवं परामर्श का निशुल्क लाभ मिल सके।



## देपालपुर में मोबाईल दुकान पर चोरों का धावा हजारों रुपए नगदी और मोबाईल चोरी

**निलेश चौहान (94250-77209)**
**देपालपुर** ● **दैनिक इंदौर संकेत**

नगर में चोरों के हौसले बुलंद पत्रकार की मोबाइल दुकान को निशाना बनाया चोरों ने हजारों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया मामला चमन चौराहे स्थित मानवी मोबाइल शॉप का है जहां चोरों ने छत के रास्ते से उतर कर दुकान में चोरी की है जिसमें एक चोर अपना गमछा छत पर ही छोड़ गया यह




पुलिस के लिए अहम सबूत बन सकता है।फरियादी शुभम पटेल ने देपालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें बताया गया है कि चोरों ने 25,000 रुपये नगदी और एक नया लावा शार्क 5 जी पल्स मोबाईल, तीन पुराने मोबाईल चोरी किए हैं पत्रकार अपनी दुकान पर मोबाइल के साथ कहीं इलेक्ट्रॉनिक सामान भी रखते हैं गर्मी के समय कूलर पंखे का व्यापार रहता है गनीमत रही कोई बड़ी हानि दुकानदार को नहीं हुई देपालपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं देपालपुर पुलिस का कहना है जल्द ही इस चोरी का खुलासा करेंगे।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

**आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ**




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

न्यूज ब्रीफ

## जनगणना प्रशिक्षण का तीसरा चरण आज से प्रारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जनगणना कार्य की तैयारियों को गति देते हुए आज से प्रशिक्षण का तीसरा चरण प्रारंभ हो गया है। इसमें लगभग 1750 अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण का आयोजन होलकर साइंस कॉलेज में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण अपर कलेक्टर एवं जनगणना के प्रभारी अधिकारी नवजीवन विजय पवार तथा जिला जनगणना अधिकारी और अपर आयुक्त नगर निगम एन. एन. पाण्डे ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को घर-घर जाकर डेटा संग्रहण की प्रक्रिया, डिजिटल माध्यमों के उपयोग, फॉर्म भरने की विधि तथा सावधानियों के बारे में समझाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह प्रशिक्षण जनगणना कार्य को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## फर्जी दस्तावेज के मामले में मार्तण्ड सिरालिया को किया गया निलंबित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पीथमपुर निवेश क्षेत्र योजना में फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनापत्ति जारी करने के मामले में एम.पी.आई.डी.सी. के प्रभारी कार्यपालन यंत्री मार्तण्ड सिरालिया को निलंबित कर दिया गया है। पीथमपुर निवेश क्षेत्र योजना एम.पी.आई.डी.सी. की एक अत्यन्त महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है, जो कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भविष्य में एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में कार्य करेगा। यह परियोजना अपने आप में एक अनूठी परियोजना है जिसमें औद्योगिक, आवासीय एवं व्यवसायिक भूखण्डों का समावेश है। 12500 हेक्टेयर में विकसित की जा रही इस परियोजना में शामिल समस्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार की अनुमति जारी करने के संपूर्ण अधिकार एम.पी.आई.डी.सी. को प्राप्त है।

# धार भोजशाला विवाद में आया एक नया ट्विस्ट जैन समाज ने भी जताया अपना हक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● धार भोजशाला को लेकर हाईकोर्ट इंदौर में सुनवाई जारी है। इसी दौरान अब कमाल मौलाना पक्षकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने हाईकोर्ट में एक पत्र रखा है। यह पत्र 11 फरवरी 2003 का है धार भोजशाला को लेकर चल रहे विवाद में अब एक पत्र भी सबूत के तौर पर पेश किया गया है। इस पत्र के जरिए बताने की कोशिश की गई है कि वाग्देवी प्रतिमा को लेकर जो बात चल रही है, वह भोजशाला की नहीं है। इसके पहले भी मुस्लिम पक्ष ने दावा किया था कि यह प्रतिमा जो ब्रिटिश म्यूजियम में रखी है वह भोजशाल की जगह उस परिसर के बाहर सिटी पैलेस से मिली थी। अब इसे लेकर नाया दावा किया गया है।

**2003 में उच्चायायुक्त ने सीएम दिग्विजय को लिखा था पत्र**- यह पत्र 11 फरवरी 2003 का है। यह तत्कालीन ब्रिटिश उच्चायुक्त ने मध्यप्रदेश के तत्कालीन सीएम दिग्विजय सिंह को लिखा था। यह पत्र मूल रूप से वाग्देवी प्रतिमा को लेकर था। इसमें था कि, मैंने 3 फरवरी को एक प्रेस रिपोर्ट देखी। इसमें आपके हवाले से कहा गया था कि बीएचपी को देवी सरस्वती की प्रतिमा को वापस लाने का प्रयास करना चाहिए, जो मूल रूप से भोजशाला मंदिर में थी। मैंने इस मामले की जांच की है। हम ब्रिटिश संग्रहालय के संपर्क में हैं। उन्हें इस मामले की जानकारी है। ब्रिटिश संग्रहालय में एक मूर्ति है लेकिन वह भोजशाला की सरस्वती की नहीं है।

**जैन समाज ने भी लगा रखा है दावा**-इस पत्र से जैन समाज के दावे को बल मिलने की संभावना है। कारण है कि जैन समाज ने भी इस परिसर को लेकर दावा किया हुआ है। इसे लेकर उनके द्वार भी हाईकोर्ट में याचिका दायर की हुई है, जिस पर सुनवाई होना बाकी है।






**मुस्लिम पक्ष का दावा, इसे तो हमने बसाया**-उधर अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने तर्क दिया कि राजा भोज की 1055 में मृत्यु के बाद धार कई बार लूटा गया था। गुजरात और दक्षिण के राजाओं ने हमले किए जिससे शहर खंडर हो गया था। जब 1305 में मुस्लिम आए तब शहर खंडर था और उन्होंने ही इसे बसाया है। धार में हुए आक्रमण धर्म से संबंधित नहीं थे यह पूरी तरह से वर्चस्व और सत्ता की लड़ाई थी। इसमें मंदिर को तोड़कर, मूर्तियां लेकर अपना वर्चस्व बताया जाता था।

**याचिकाकर्ता और वकील का पक्ष**-याचिकाकर्ता अब्दुल समद और उनके नूर मोहम्मद शेथ ने तर्क रखे थे। वहीं भारतीय पुरातत्व विभाग (ASI) की ओर से एडवोकेट अविरल विकास खरे ने कोर्ट को बताया कि, वर्ष 1904 से भोजशाला परिसर संरक्षित स्मारक है। इस पर केंद्र सरकार का अधिकार है। इसलिए निजी स्वामित्व दावा संभव नहीं है।

### वाग्देवी नहीं बल्कि यह प्रतिमा जैन देवी अंबिका की

*पत्र में आगे लिखा गया है कि प्रतिमा को लेकर यह भ्रम 1920 के दशक में रूपम पत्रिका में प्रकाशित एक लेख से उत्पन्न हुआ है। शिलालेख के अपूर्ण पाठ के आधार पर इस लेख ने गलत तरीके से दावा किया कि वह प्रतिमा सरस्वती की है।*

*स्थिति 1980 के दशक में स्पष्ट हुई जब मुंबई के डॉ. किरित मनकोडी ने पूरे शिलालेख को पढ़ा और प्रकाशित किया था। पूर्ण शिलालेख में सरस्वती, एक त्रिमूर्ति और अंबिका की आकृति के निर्माण का वर्णन है।*

*यही अंबिका की प्रतिमा ब्रिटिश संग्रहालय में है। इसमें देवी को एक शिशु और एक शेर के साथ दिखाया गया है, जो दोनों अंबिका के प्रतीक हैं। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि ब्रिटिश संग्रहालय में मौजूद प्रतिमा जैन देवी अंबिका की है।*

# यशवंत क्लब चुनाव की तस्वीर साफ, गोरानी और पम्मी दोनों पैनल के सभी नाम घोषित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● यशवंत क्लब मैनेजिंग कमेटी के चुनाव जून में संभावित है। जल्द ही इसके लिए मैनेजिंग कमेटी बैठक कर चुनाव शेड्यूल पर मुहर लगाएगी और चुनाव अधिकारी नियुक्त होंगे। चुनाव के लिए सचेदाव-गोरानी और पम्मी छाबड़ा मैदान में हैं। दोनों ही पैनल के अब सभी उम्मीदवारों के नाम घोषित हो गए हैं। मैनेजिंग कमेटी में चार पदाधिकारियों के पद है और पांच कार्यकारिणी सदस्यों के लिए हैं। इस तरह कुल नौ पदों के लिए चुनाव है। गोरानी पैनल से चेयरमैन पद के लिए जितेंद्र जैन, सचिव के लिए विजय कस्तूरी, सह सचिव के लिए तेजवीर जुनेजा और कोषाध्यक्ष के लिए रुपल पारिख है। वहीं, पम्मी पैनल से चेरयमैन के लिए पम्मी छाबड़ा, सचिव के लिए अतुल सेठ. सह सचिव के लिए पंकज कुकरेजा और कोषाध्यक्ष के लिए सतीश मंगलानी उम्मीदवार है।




### गोरानी विरुद्ध पम्मी पैनल में ऐसे मुकाबला...

**चेयरमैन पद**- जितेंद्र जैन विरुद्ध पम्मी छाबड़ा

**सचिव पद**- विजय कस्तूरी विरुद्ध अतुल सेठ

**सह सचिव पद**- तेजवीर जुनेजा विरुद्ध पंकज कुकरेजा

**कोषाध्यक्ष पद**- रुपल पारिख विरुद्ध सतीश मंगलानी

### कार्यकारिणी के पांच पद के लिए यह उम्मीदवार...

गोरानी पैनल से- वैभव दुआ, गुनीत चड्ढा, राजेश तलवार, भारती बरोडिया और आशुतोष कौशिक

पम्मी पैनल से- अमृत देव, सौरभ भंडारी, बॉबी थम्मन, कुनाल कासलीवाल और शिखर वर्मा

### पांच हजार से ज्यादा मतदाता है

क्लब में पांच हजार से अधिक मतदाता है। इसमें करीब 60 फीसदी मतदान होता है। बीते दो चुनाव से गोरानी पैनल का एकतरफा दबदबा रहा है और विजय हासिल की है। क्लब संविधान के अनुसार दो बार लगातार चुनाव जीतने के बाद ब्रेक देना होता है। इसके चलते इस बार वर्तमान चेयरमैन टोनी सचदेवा और सचिव संजय गोरानी मैदान में नहीं है। उन्होंने जितेंद्र जैन व विजय कस्तूरी की टीम बनाकर मैदान में उतारा है। वहीं इस बार पम्मी छाबड़ा ने भी मैदान पकड़ा है और पूरी टीम उतारी है।

# हाईकोर्ट का आदेश : बार एसोसिएशन में महिला कोषाध्यक्ष, दो महिला पदाधिकारी करें नियुक्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर हाईकोर्ट ने बार एसोसिएशन में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के आदेश दिए हैं। एक महिला कोषाध्यक्ष और दो महिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त होंगी। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आधार पर लिया गया है।

इंदौर हाईकोर्ट में अधिवक्ता रेखा बोरीवाल की याचिका पर चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच ने यह आदेश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के दीक्षा एन अमृतेश विरुद्ध कर्नाटक राज्य केस में दिए गए आदेश के तहत यह अनुरोध करते हैं कि इंदौर बेंच के प्रशासनिक जस्टिस बार एसोसिएशन से परामर्श कर तीन महिला अधिवक्ताओं को मनोनीत करें। इसमें एक कोषाध्यक्ष पद पर और दो कार्यकारिणी पद पर होंगी।

### बाकी कार्यकाल के लिए ही होगा समय

याचिका में बताया गया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव जनवरी 2026 में हो चुके हैं। ऐसे में जो मनोनीत होंगी, वह इस एसोसिएशन के बाकी बचे कार्यकाल अवधि तक ही होंगी। बाकी आने वाले चुनाव के समय महिला अधिवक्ताओं के लिए तीन पद आरक्षित होंगे। बार एसोसिएशन में कुल 30 फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इसके लिए बार एसोसिएशन नियमों में उचित संशोधन भी करेगा। आगे भी महिला कोषाध्यक्ष और दो कार्यकारिणी पद महिला के लिए होंगे।

### दो सप्ताह में होगी प्रक्रिया

आदेश में प्रक्रिया दो सप्ताह में पूरी करने के लिए कहा गया है। नामांकन प्रक्रिया आदेश से दो सप्ताह में पूरी की जाएगी। अभी इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव चार पदाधिकारी और पांच कार्यकारिणी सदस्य इस तरह कुल नौ सदस्य हैं। अगला चुनाव जनवरी 2027 में होगा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि माननीय हाईकोर्ट के आदेश का जल्द पालन किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट का क्या है आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने दीक्षा केस में आदेश दिया है कि सभी बार एसोसिएशन में पदाधिकारी या कार्यकारी सदस्यों में 30 फीसदी पद महिला वकीलों के लिए होंगे। जिन बार एसोसिएशन में चुनाव होना बाकी है, वहां यह सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं जहां चुनाव हो चुके हैं, वहां हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल यह सुनिश्चित करेंगे कि महिला वकीलों को 30 फीसदी पद दिए जाएं।

# अवैध कॉलोनी की शिकायत जांच में निगम ने लोकायुक्त को भेजे 13 भवन अधिकारियों के नाम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में अवैध कॉलोनियों और निर्माण को लेकर पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने लोकायुक्त में शिकायत की थी। लोकायुक्त में की गई शिकायत में निर्माण करने वालों के साथ निगम के अधिकारियों की मिलीभगत के आरोप थे। इसमें जोन 22 के तहत लसूडिया मोरी स्थित लुनिया कंपाउंड के अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायत थी। यह शिकायत अक्टूबर 2024 में हुई थी जिसमें लोकायुक्त इंदौर द्वारा जांच की जा रही है।



**शिकायत में इन सभी के थे नाम**-शिकायत में तत्कालीन अपर आयुक्त के साथ ही गजल खन्ना, पी.सी. जैन, श्रद्धा गोयल (सोनी), सत्येंद्र राजपूत, सुरेश चौहान, वैभव देवलासे, अवधेश जैन, उदयसिंह भदौरिया, विशाल राठौर, शिवराज यादव, रवि सनोटिया, गजेंद्र,अनुराग शर्मा, राजू रावेरकर, विजय जेसवानी, बद्रीलाल पंवार सहित अन्य लोगों के नाम शामिल किए गए थे। लोकायुक्त ने जांच प्रक्रण 354/24 दर्ज कर जांच शुरू की है।

**निगम के भेजे पत्र में 13 भवन अधिकारियों के नाम**-इसी मामले में लोकायुक्त ने नगर निगम से भवन अधिकारियों व अन्य मुद्दों को लेकर जानकारी मांगी थी। इसमें निगम ने 13 भवन अधिकारियों के नाम लोकायुक्त को भेजे हैं। इसमें महेश शर्मा, दौलत सिंह गुण्डिय, अश्विनी जनपदे, पीएस कुशवाह, ओपी गोयल, असित खरे, गजल खन्ना, अनूप गोयल, गितेश तिवारी, शिवराज सिंह यादव, टीना सिसोदिया, विशाल राठौड, सत्येंद्र राजपूत के नाम हैं।

## MPIDC पीथमपुर निवेश योजना में भ्रष्टाचार

# एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने फर्जी दस्तावेज से दे दी NOC

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पीथमपुर निवेश क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज के आधार पर एनओसी जारी करने का मामला सामने आया है। एमपीआईडीसी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को निलंबित किया गया है। जांच में फर्जी सील और साइन से मंजूरी देने का खुलासा हुआ है।

मप्र के सबसे बड़े इंडस्ट्रियल एरिया पीथमपुर के निवेश क्षेत्र योजना में ही भ्रष्टाचार हो गया। एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर यहां एक पेट्रोल पंप संचालक को एनओसी जारी कर दी। जांच के बाद अब इंजीनियर को निलंबित किया गया है। मप्र के सबसे बड़े इंडस्ट्रीयल सेक्टर पीथमपुर निवेश क्षेत्र योजना में फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनापत्ति जारी हो गई। मामले में अब एमपीआईडीसी (मप्र इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन) के प्रभारी एक्जीक्यूटिव इंजीनियर मार्तण्ड सिरोलिया को निलंबित कर दिया गया है। यह इंडस्ट्रीयल योजना 12500 हेक्टेयर की है।

**फर्जी सील, साइन से जारी हुई अनापत्ति**-मार्तण्ड सिरोलिया एमपीआईडीसी के भोपाल ऑफिस में प्रभारी एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (कार्यपालन यंत्री) के रूप में पदस्थ थे। इनके द्वारा पीथमपुर निवेश क्षेत्र में निजी लोगों से सांठ-गांठ कर एक जमीन मालिक के पक्ष में फर्जी अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया गया। इस अनापत्ति को दिखाकर जमीन मालिक ने कलेक्टर कार्यालय से जमीन पर पेट्रोलियम पदार्थ के भंडारण की मंजूरी ले ली।

जमीन मालिक यह जमीन अवंतिका गैस लिमिटेड को गैस भंडारण डिपो बनाने के लिए देना चाहता था। इस अनापत्ति को बनाने के लिए सिरोलिया ने कार्यालय के दस्तावेज, लेटरहेड आदि का गलत इस्तेमाल किया गया। साथ ही वरिष्ठ अधिकारी के पदनाम से जाली हस्ताक्षर भी कर दिए।

**जांच में हुआ खुलासा**-इसकी जानकारी एमपीआईडीसी रीजनल ऑफिस इंदौर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आईएएस हिमांशु प्रजापति को लगी। इस पर जांच बैठाई गई। आंतरिक जांच में खुलासा हुआ कि गलत अनापत्ति जारी की गई है। इस पर सिरोलिया को निलंबित किया गया। आगे और भी विधिक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने भी फर्जी अनापत्ति के आधार पर ली गई मंजूरी को निरस्त कर दिया है।

# डेली कॉलेज में नहीं थम रहा विवाद, बोर्ड चुनाव प्रक्रिया और शेड्यूल के खिलाफ कैंपेनिंग शुरू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● डेली कॉलेज बोर्ड चुनाव को लेकर विवाद बढ़ गया है। नया और पुराना संविधान, 30 दिन का शेड्यूल और नामांकन प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं विरोधी गुट कैंपेनिंग कर रहा है जबकि चुनाव अधिकारी ने अब तक स्थिति साफ नहीं की है। इंदौर के डेली कॉलेज बोर्ड का चुनाव शेड्यूल जारी होने के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले संविधान संशोधन का विरोध करने वाला गुट अब चुनाव की प्रक्रिया का विरोध कर रहा है। नए और पुराने संविधान के बीच में चुनाव उलझ गया है। उधर चुनाव अधिकारी ने इस पर अभी तक स्थिति साफ नहीं की है।

डेली कॉलेज बोर्ड के चुनाव नए संविधान से होंगे या पुराने संविधान से। यदि नया संविधान मंजूर नहीं हुआ है तो फिर चुनाव शेड्यूल नए संविधान के तहत केवल 30 दिन का ही क्यों जारी हुआ। यह दो बड़े सवाल हैं जो अभी डेली कॉलेज में विवाद की वजह बने हुए हैं। इस पर फर्म एंड सोसायटी असिस्टेंट रजिस्ट्रार द सूत्र से साफ बोल चुके हैं कि नया संविधान अभी मंजूर नहीं हुआ है। अब चुनाव शेड्यूल को लेकर स्थिति साफ मुख्य चुनाव अधिकारी (हाईकोर्ट रिटायर जस्टिस सुशील गुप्ता) को करना है, लेकिन अभी उनकी ओर से कोई बयान नहीं आया है। इस कारण चुनाव में भागीदारों को कम समय मिल रहा है। इनके अवसर कम हो रहे हैं। साथ ही बाहरी मतदाताओं को वोट करने के लिए भी कम समय मिल रहा है।



**नामांकन प्रक्रिया पर भी आपत्तियां**-इसके साथ इस प्रक्रिया पर भी आपत्ति है कि पहले 2020 के चुनाव में नामांकन फार्म भरे जाते थे, फिर इनकी स्क्रूटनी होती थी। इसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया थी।

वहीं इस बार नामांकन फार्म भरने के बाद ही विड्रॉ करने की प्रक्रिया है और आखिरी में स्क्रूटनी है। इससे असर होगा कि उम्मीदवार बिना स्क्रूटनी की जानकारी लगे ही फार्म पहले विड्रॉ करेगा। उम्मीदवार को फार्म में कमी पता नहीं चलेगी। इससे अंतिम उम्मीदवार को अप्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित किया जा सकता है। उधर चुनाव शेड्यूल के मुताबिक (डेली कॉलेज इंदौर) मतदाता सूची पर 21 से 23 अप्रैल तक आपत्तियां लगना थीं। इसके बाद 24 व 25 अप्रैल को चुनाव अधिकारी द्वारा इन आपत्तियों को व्यक्तिगत उपस्थिति के आधार पर सुना जाएगा।

जानकारी के अनुसार इन दो दिन में दोनों ओर के पक्षकार अपनी बात रखेंगे। इसमें एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत भी होंगी। इनका निराकरण चुनाव अधिकारी 27 अप्रैल को करेंगे। इसके बाद 28 व 29 अप्रैल को नामांकन प्रक्रिया होगी। नाम वापसी, स्क्रूटनी के बाद 4 से 19 मई तक डाक मतपत्र जारी होंगे, जो 20 मई तक वापस आएंगे। फिर 21 मई को स्थानीय मतदाताओं के लिए वोटिंग का समय होगा। इसी दिन 21 मई की रात में रिजल्ट आएंगे।

### बीते चुनाव से तुलना कर पोस्टर, कैंपेनिंग जारी

- इसी बीच ओल्ड डेलियंस एसोसिएशन (ओडीए) की ओर से विरोधी गुट ने चुनाव शेड्यूल को लेकर कैंपेनिंग तेज कर दी है। इसके लिए पोस्टर, बैनर बनाकर ङ्खद्धड्डह्लह्यश्चश्च मैसेज चलाए जा रहे हैं।
- इसमें खासकर साल 2020 में हुए बोर्ड चुनाव और अब 2026 में जारी चुनाव शेड्यूल की तुलना कर बताया गया है कि, कहां पर खामी और नियमों के परे काम किया गया है।
- साल 2020 चुनाव में चुनाव शेड्यूल 90 दिन का था। अभी 30 दिन का है।
- साल 2020 में मतदाता सूची संशोधन 21 दिन दिए थे। अब केवल 2 दिन दिए गए हैं।
- साल 2020 में नामांकन के लिए 8 दिन दिए थे। इस बार केवल दो दिन 28 व 29 अप्रैल दिए गए हैं।
- साल 2020 में डाक मतपत्र के बाहर जाकर वापस आने के लिए 47 दिन थे। अब केवल 15 दिन हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।